1	2	3
14	Durgarpur	272
15	Jaipur	47968
16	Jaisalmer	170
17	Jalore	399
18	Jhalawar	200
19	Jhunjunu	1208
20	Jodhpur	11993
21	Kota	7224
22	Nagaur	1805
23	Pali	1980
24	Rajsamand	898
25	Sawaimadhopur	550
26	Sikar	1364
27	Sirohi	853
28	Sriganganagar	4203
29	Tonk	321
30	Udaipur	10257

टेलीफोन सलाहकार समितियां

2311. **श्री जान एफ. फर्नांडिस :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार विभिन्न टेलीफोन सलाहकार समितियों का पुनर्गठन का का विचार रखती है ; और

(ख) क्या इस संबंध में सरकार संसद सदस्यों की ओर से अनुशंसायें तथा नाम आमंत्रित करने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. बी. रंगैया नायडू) : (क) जी, हां। (ख) जी, हां।

मौलाना मोहम्मद अली जौहर पर स्मारक डाक टिकट

2312. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मोम अफजल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री मोरार जी देसाई ने महान स्वतन्त्रता सेनानी मौलाना अली जौहर की स्मृति में एक डाक-टिकिट जारी किये जाने के संबंध में अनुरोध किया था ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ?